PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

'मजबूरियाँ आती है हमे मज़बूत बनाने के लिए उससे हारे नहीं बल्कि उससे लड़ कर आगे बढ़े।'

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 20 सितंबर, 2026, साल-2, अंक-57, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

1 अक्टूबर को महिलाओं के मोबाइल पर सम्मान राशि की 'टूं-टूं' फिर सुनाई देगी : मुख्यमंत्री भगवंत मान

धूरी (संगरूर), 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि उनकी सरकार महिलाओं और आम परिवारों को सीधे लाभ पहुंचा रही है, जबकि लोगों के पैसे का इस्तेमाल पंजाब के विकास के लिए किया जा रहा है। बालियां में एक 'लोक मिलनी' के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पहली अक्टूबर को महिलाओं के फोन पर सम्मान राशि पहुंचने की 'टूं-टूं' की आवाज फिर सुनाई देगी। इसमें दलित महिलाओं से किए गए 1,000 रुपये के वादे के मुकाबले 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे।

पंजाब में वोट मांगने आई भाजपा पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि 750 किसानों की मौत के बाद भाजपा लोगों का समर्थन कैसे मांग सकती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी सरकार ने भूजल

- **750 किसानों की मौत के लिए जिम्मेदार भाजपा पंजाब आकर वोट कैसे मांग सकती है?**
- **हमने भूजल स्तर को ऊपर उठाकर पंजाब के रेगिस्तान बनने की भविष्यवाणी को गलत साबित किया है: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान**

स्तर को ऊपर उठाकर पंजाब के रेगिस्तान बनने की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया है और भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे बंद कर दिए हैं।

लोक मिलनी' के दौरान विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने शासन का रुख आम नागरिकों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों के कल्याण की ओर मोड़ा है।



उन्होंने कहा, 'पंजाब ने दशकों तक कुछ गिने-चुने परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती राजनीति देखी है। आज आम लोगों ने जवाबदेही और विकास की मांग करनी शुरू कर दी है और यह ऐसी बात है जिसे दशकों तक पंजाब पर शासन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के लिए पचा पाना मुश्किल हो रहा है। विपक्ष मुख्य रूप से हमारी सरकार और हमारे जनहितैषी प्रयासों के विरोध के कारण एकजुट है।'

उन्होंने कहा, 'वही अकाली, जो कभी भाजपा को किसान विरोधी कहते थे और बार-बार पार्टी की आलोचना करते थे, आज उसका समर्थन मांग रहे हैं। यह दर्शाता है कि राजनीतिक परिस्थितियां कैसे बदल सकती हैं, जब सत्ता हासिल करना ही एकमात्र उद्देश्य हो। जिन्होंने पहले एक-दूसरे के खिलाफ कड़े बयान दिए थे, वे अब सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब के लोगों को सब कुछ याद है। वे जानते हैं कि किसने कब और क्या कहा। पंजाब ने अतीत में वह देखा है, जिसे मैं दो अलग-अलग राजनीतिक पहलू कहता हूं-एक कांग्रेस का और दूसरा अकालियों का। दोनों पार्टियों ने राजनीतिक हितों के लिए लोगों को बांटा। अपने सार्वजनिक मतभेदों के बावजूद वे अपने राजनीतिक और निजी हितों के माध्यम से जुड़े रहे और लोगों को बड़े स्तर पर गुमराह करते रहे।' मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'हमारी राजनीतिक बहस अब स्कूलों, अस्पतालों, रोजगार, बिजली, सिंचाई, सड़कों, खेल बुनियादी ढांचे और हमारे युवाओं के लिए अवसरों के बारे में होनी चाहिए। पंजाब को ऐसी राजनीति की जरूरत है जो आम परिवारों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में बात करे।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'रोजगार पैदा करना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। लगभग 71,000 सरकारी नौकरियां केवल योग्यता के आधार पर दी गई हैं। कोई भी व्यक्ति मेरी ओर उंगली उठाकर यह नहीं कह सकता कि सरकारी नौकरी देने के लिए पैसे लिए गए थे। पूरी भर्ती योग्यता के आधार पर की गई है।

(शेष पेज 2 पर)

यू.के. में सिख बस ड्राइवर पर हमला, दाढ़ी नोची



चंडीगढ़, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

यू.के. के ऑपशायर के अंतर्गत आने वाले शहर टेलफोर्ड में एक सिख बस ड्राइवर पर हमला करने, बस हाइजैक करने और कई गाड़ियों को टक्कर मारने की घटना सामने आई है।

विवरण के अनुसार, शुक्रवार शाम को मेडले के कोर्ट स्ट्रीट में पुलिस को हमले की सूचना मिली थी। वायरल वीडियो और स्रोतों के अनुसार, एक हमलावर द्वारा सिख बस ड्राइवर पर हमला किया गया, उसके साथ बेरहमी से मारपीट की

- **हमलावर ने बस हाइजैक कर कई गाड़ियों को मारी टक्कर**

गई और उसकी दाढ़ी भी नोची गई। इस हमले के दौरान ड्राइवर को बस से बाहर धक्का देकर निकाल दिया गया। ड्राइवर को बस से बाहर निकालने के बाद, हमलावर ने बस पर कब्जा कर लिया और उसे पार्क वे से हाई स्ट्रीट की ओर सड़क की गलत दिशा में बेहद लापरवाही से चलाया। इस दौरान व्यक्ति ने बस चलाते समय रास्ते में आने वाली कई अन्य गाड़ियों को जोरदार टक्कर मारी, जिससे

(शेष पेज 2 पर)

पीएम मोदी ने 51,000 नियुक्ति पत्र बांटे


- **उन्होंने कहा कि देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है और आपके जैसे युवा इसमें अहम भूमिका निभाते हैं**

नई दिल्ली, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेले के दौरान 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र बांटे। नए भर्ती हुए कर्मचारियों को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वे भारत सरकार में ऐसे समय में शामिल हुए हैं जब देश एक बड़े लक्ष्य-2047 तक 'विकसित भारत' बनाने-की ओर बढ़ रहा है। इस प्रयास में आपके जैसे युवाओं की अहम भूमिका है।

सरकार में सेवा करते हुए, आपको ऐसे फैसले लेने चाहिए जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के अभियान को लगातार मजबूत करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है। इन जश्नों के बीच, आज का दिन हजारों परिवारों की जिंदगी में



देशभर में 45 स्थानों पर लगे रोजगार मेले

जिन युवाओं को आज नियुक्ति पत्र मिले हैं, उन्हें केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और संस्थानों में भर्ती किया गया है। देशभर में 45 स्थानों पर 'रोजगार मेले' आयोजित किए गए थे। यह पत्र प्राप्त करने वाले उम्मीदवार केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में काम शुरू करेंगे, जिनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग और रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। अब तक, लगभग 12.75 लाख युवाओं को विभिन्न विभागों और सरकारी संस्थानों में पदों के लिए नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

नई खुशी लेकर आया है। आज देशभर में 51,000 से अधिक युवा सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे हैं।

आज आप जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, वह बेशक आपकी अपनी कड़ी मेहनत का नतीजा है, लेकिन यह आपके माता-पिता और परिवार के सदस्यों के समर्पण और कुर्बानियों को भी दर्शाता है। मैं आप सभी और आपके परिवारों को दिल से बधाई देता हूं। युवा होने के नाते, आप पर अन्य युवाओं के प्रति एक विशेष जिम्मेदारी है।

(शेष पेज 2 पर)



रवनीत बिट्टू को हिरासत में लिया

मुख्यमंत्री मान के काफिले को दिखाए टमाटर, शराब की बोतलें और अंडे

लुधियाना, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शनिवार को लुधियाना दौरे के दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हाथ में पंजाब मार्का शराब का अध्धा (आधा बोतल), टमाटर और अंडे दिखाकर पहले प्रदर्शन किया और उसके बाद उन्होंने सीएम के काफिले पर अंडे और टमाटर फेंके, जिससे माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर के जरिए चंडीगढ़ से आए थे।

उसके बाद पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर आठ से अपने काफिले के जरिए इंडोर स्टेडियम पखोवाल रोड में आम आदमी पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना होने लगे, तो गेट के बाहर पुल पर बिट्टू ने मुख्यमंत्री के

(शेष पेज 2 पर)

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027

'आप' ने पंजाब में चुनाव अभियान की शुरुआत की, पैम्फलेट किया जारी



लुधियाना, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

आम आदमी पार्टी ने आज लुधियाना से 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए अपने अभियान का औपचारिक रूप से आगाज कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पखोवाल रोड स्थित इनडोर स्टेडियम में कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, पार्टी नेताओं और सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में पार्टी का चुनावी पैम्फलेट जारी

- **सीएम मान ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां; विरोधियों पर साधे निशाने**

किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उनकी सरकार ने किए गए वादों से भी अधिक काम किया है। उन्होंने सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) का उदाहरण देते हुए दावा किया कि इस फोर्स ने हर साल 2,700 जानें बचाई हैं। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर को महिलाओं के फोन पर फिर से संदेश आएंगे क्योंकि उन्हें 'मावां धीयां स्कीम' के तहत अगली किश्त मिलने जा रही है।

पिछली भाजपा-अकाली सरकारों पर पंजाब में नशे की समस्या को बढ़ाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वही पार्टियां अब नशा विरोधी अभियान चला रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गठबंधन होता है और

(शेष पेज 2 पर)

मध्य प्रदेश में उफनते नाले में बही कार, 8 की मौत

- **नलखेड़ा के बगलामुखी मंदिर दर्शन करने गए थे**

आगर मालवा, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मध्य प्रदेश के आगर-मालवा के नलखेड़ा में मां बगलामुखी मंदिर के पास बरसाती नाले में कार बहने से 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे शामिल हैं। 7 मृतक ओडिशा के हैं, जबकि कार ड्राइवर अरुण गोयल आगर-मालवा के बड़ौद का रहने वाला था। सभी श्रद्धालु मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन के लिए आए थे। उन्होंने उज्जैन से कार किराए पर ली थी।

एसपी दिलीप कुमार सोनी के मुताबिक, हादसा रात करीब 3 बजे हुआ। शुरुआती जांच में मौत का कारण डूबना सामने आया। पुलिस मंदिर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ड्राइवर समेत 6 मृतकों की पहचान हो गई।

ड्राइवर अरुण गोयल के अलावा मृतकों में राधा रानी बहेरा, ज्ञानेंद्र कुमार बहेरा, रितारानी पत्नी ज्ञानेंद्र बहेरा, कृष्णा राजवीर पुत्र शिवप्रसाद बहेरा और शिवप्रसाद बहेरा शामिल हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी का दबदबा

अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव के पदों पर हासिल की जीत

नई दिल्ली, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों के आधिकारिक परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन चुनावों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का दबदबा देखने को मिला है, जिसने चार में से तीन प्रमुख पदों पर शानदार जीत हासिल की है।

चुनाव परिणामों के अनुसार, एबीवीपी के उम्मीदवार यश डबास ने अध्यक्ष पद पर बाजी मारी है। इसी तरह सचिव पद पर एबीवीपी की रिया छाबड़ी और संयुक्त सचिव के रूप में पार्टी के ही लक्ष्य राज सिंह ने जीत दर्ज की है। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीत हासिल करके सभी का ध्यान खींचा है। पिछले 17 वर्षों में यह पहला



मौका है जब डूसू के केंद्रीय पैनल में कोई निर्दलीय उम्मीदवार जीता हो। परिणाम सामने आते ही विश्वविद्यालय परिसर का माहौल पूरी तरह बदल गया। विजेता उम्मीदवारों के

(शेष पेज 2 पर)

अमृतसर में 119 करोड़ की हेरोइन बरामद, 3 गिरफ्तार

- **4 दिनों में कुल हेरोइन की बरामदगी 54 किलोग्राम तक पहुंची**

अमृतसर, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री मान के निर्देशों के तहत पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के जारी अभियान में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने चार दिनों के भीतर तीसरी बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि सीआई अमृतसर ने एक और सीमा पार मादक पदार्थ तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर तीन मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 17 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रिंस, मलकीत सिंह और राजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो सभी कोट मित सिंह, खालसा नगर प्लॉट, अमृतसर के निवासी हैं। 17 किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने इस अवैध खेप को ले जाने के लिए इस्तेमाल की गई एक सिल्वर रंग की मारुति स्विफ्ट कार (पंजीकरण संख्या एचआर-30-एन-2780) भी जब्त की है। इस ताजा बरामदगी के साथ, सीआई अमृतसर ने मात्र चार दिनों में हेरोइन की कुल बरामदगी को 54 किलोग्राम तक पहुंचा दिया है, इससे पहले विभाग 27 किलोग्राम और 10 किलोग्राम की हेरोइन खेप बरामद कर चुका है।

(शेष पेज 2 पर)



एशियन गेम्स का धमाकेदार आगाज

मनु भाकर-पवन सहरावत ने लहराया तिरंगा

मार्च पास्ट में 45 देशों के खिलाड़ी शामिल रहे

नागोया, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

20वें एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी जापान के नागोया शहर में हुई। फ्लैग मार्च में भारतीय दल की अगुआई शूटर मनु भाकर और सीनियर कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत ने तिरंगा थामकर की। नागोया के पालोमा मिजुहो स्टेडियम में संगीतकार तारो हाकासे के वायलन म्यूजिक से सेरेमनी की शुरुआती हुई। इसके बाद अभिनेत्री कोको टोडा ने जापान का राष्ट्रगान गाया। फ्लैग मार्च में 45 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अफगानिस्तान के दल की एंट्री के साथ मार्च पास्ट की शुरुआत हुई। भारत 10वें नंबर पर आया, जबकि मेजबान जापान के दल की एंट्री के साथ परेड का समापन हुआ। गेम्स क्रिकेट और टेकबॉल जैसे खेलों की शुरुआत हो चुकी है।



तिरुपति लड्डू विवाद

सुकृति फूड्स प्रमोटर गिरफ्तार

नई दिल्ली, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

प्रवर्तन निदेशालय ने देर शाम तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में कथित मिलावट के मामले में सुकृति फूड्स के प्रमोटर कैलाश चंद मंगला को गिरफ्तार किया। ईडी का आरोप है कि असली घी के नाम पर कथित तौर पर मिलावटी घी की सप्लाई की गई थी।

एजेंसी के मुताबिक, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को एगमार्क स्पेशल ग्रेड काउ घी के नाम पर रिफाइंड पाम ऑयल, पाम कर्नेल ऑयल, पामोलिन और एसीटिक एसिड एस्टर जैसे केमिकल से तैयार घी सप्लाई किया गया।


ईडी ने दावा किया कि 2019 से 2024 के बीच टीटीडी को करीब 230 करोड़ का घी सप्लाई किया गया था। इसमें से करीब 96 करोड़ का मिलावटी घी मंगला ने तैयार किया था। तिरुमाला मंदिर में रोजाना 4.08 लाख से ज्यादा भक्तों को लड्डू प्रसाद दिया जाता है।

ट्रम्प ने एच-1बी फीस के लिए 1 लाख डॉलर के भुगतान की शर्त बढ़ाई

नई दिल्ली, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कुछ एच-1बी वीजा आवेदनों के लिए 1,00,000 डॉलर के भुगतान की शर्त को एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया है, जिससे अमेरिका में कुशल विदेशी कर्मचारियों को लाने की इच्छा रखने वाले नियोक्ताओं के लिए एक बड़ी रुकावट बनी रहेगी।

ट्रम्प द्वारा आज हस्ताक्षर किए गए घोषणापत्र के तहत सितंबर 2025 में लगाए गए प्रतिबंध 21 सितंबर, 2027 तक लागू रहेंगे। अमेरिका से बाहर के कर्मचारियों के लिए एच-1बी याचिकाओं के साथ आमतौर पर 1,00,000 डॉलर का भुगतान होना चाहिए, जो सीमित अपवादों के अधीन है। यह विस्तार ऐसे समय में आया है जब ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि इन प्रतिबंधों ने उस चीज को रोक दिया है जिसे वह एच-1बी कार्यक्रम का



दुरुपयोग बताता है और भर्ती को उच्च-कुशल एवं उच्च-वेतन वाले कर्मचारियों की ओर मोड़ दिया है। प्रशासन ने कहा कि 21 सितंबर, 2025 को मूल घोषणापत्र के लागू होने के बाद से 700 से अधिक याचिकाओं ने 1,00,000 डॉलर का भुगतान किया है।

एच-1बी कार्यक्रम अमेरिकी नियोक्ताओं को विशेष पेशों के लिए विदेशी कर्मचारियों को नौकरी पर रखने की अनुमति देने के लिए बनाया गया था। हालांकि, घोषणापत्र में आरोप लगाया गया है कि कुछ नियोक्ताओं, विशेष रूप से आईटी स्टाफिंग और आउटसोर्सिंग कंपनियों ने अमेरिकी कर्मचारियों की जगह कम वेतन वाले विदेशी मजदूरों को रखने के लिए इस कार्यक्रम का इस्तेमाल किया था। यह यह भी तर्क देता है कि इस प्रणाली ने वेतन को दबाने में योगदान दिया है और अमेरिकी कर्मचारियों तथा हाल ही के स्टेम स्नातकों के लिए रोजगार ढूंढना मुश्किल बना दिया है।


प्रशासन ने नीति के अपने उद्देश्य को पूरा करने के प्रमाण के रूप में बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग फर्मों द्वारा एच-1बी पंजीकरणों में भारी गिरावट का हवाला दिया। उनके संयुक्त पंजीकरण 24,946 से घटकर 2,055 रह गए - जो कि 92 प्रतिशत की गिरावट है।

घोषणापत्र में विदेश विभाग, होमलैंड सुरक्षा, न्याय और श्रम विभागों को अगली एच-1बी लॉटरी के बाद नीति की समीक्षा करने और सिफारिश करने का निर्देश दिया गया है कि क्या प्रतिबंध को बढ़ाया जाना

(शेष पेज 2 पर)

विकास और पर्यावरण के बीच टकराव नहीं संतुलन जरूरी: चीफ जस्टिस

सुप्रीम कोर्ट को बताया 'बरगद का पेड़'



नई दिल्ली : चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि भारतीय अदालतों के सामने अब सवाल संरक्षण बनाम विकास का नहीं है, बल्कि यह है कि दोनों में सामंजस्य कैसे बिठाया जाए और उन्हें एक साथ कैसे बनाए रखा जाए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पर्यावरणीय न्याय का 'बरगद का पेड़' बताया। चीफ जस्टिस ने कहा कि पर्यावरण की अनदेखी करके विकास की अनुमति देना उचित नहीं है।

वे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के 'पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में एनजीटी मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।

रघुनाथ मंदिर सेक्टर-15 पंचकूला में श्रीमद्भागवत कथा का समापन





रघुनाथ मंदिर सैक्टर 15 पंचकूला
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

आचार्य श्री संदीप शास्त्री जी ने श्रीमद्भागवत कथा के सातवें और अंतिम दिन मुख्य रूप से सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और हरि नाम संकीर्तन का वर्णन सुनाया।मुख्य प्रसंग और कथाएँसुदामा चरित्र: भगवान श्रीकृष्ण और उनके बालमित्र सुदामा की सच्ची मित्रता का वर्णन सुदामा द्वारा लाई गई तंदुल (चावल) की भेंट और कृष्ण द्वारा उन्हें बिना मांगे सब कुछ दे देने की कथा मित्रता का सबसे बड़ा संदेश देती है।परीक्षित मोक्ष: राजा परीक्षित को सातवें दिन श्राप से मुक्ति मिलती है। उन्हें सुखदेव जी महाराज अंतिम उपदेश देते हैं। इससे यह ज्ञान मिलता है कि ईश्वर का स्मरण जीवन के अंतिम समय में भी मोक्ष का मार्ग दिखाता है।कथा का समापन: कथा के अंत में विश्राम आरती, पुष्पांजलि, और प्रसाद वितरण किया जाता

सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का हुआ भावपूर्ण वर्णन



जिला अंडर-14 टीम के लिए क्रिकेट ट्रायल 21 को: डा. रमन घई

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जूनियर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए करवाई जा रही लड़कों की अंडर-14 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाली जिला होशियारपुर की टीम का ट्रायल 21 सितंबर दिन सोमवार को स्थानीय सरकारी कॉलेज ग्राउंड, एचडीसीए सेंटर में सुबह 10 बजे लिया जाएगा। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि इस ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 1 सितंबर 2012 से लेकर 31 अगस्त 2014 के बीच होनी चाहिए। उन्होंनें बताया कि इस ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने जन्म तारीख के, पंजाब सरकार का जन्मप्रमाण पत्र या सरकारी शिक्षा बोर्ड का जन्मतिथि सर्टीफिकेट असली साथ लेकर आए। उन्होंनें बताया कि 1 सितंबर 2012 से पहले के जन्म प्रमाण वाले खिलाड़ी तथा 31 अगस्त 2014 के बाद के जन्म वाले खिलाड़ी इस ट्रायल के लिए मान्य नहीं होंगें। उन्होंनें बताया कि ट्रायल देने वाली खिलाड़ी अपना क्रिकेट सामान साथ लेकर आएं।



बेटी होने की सज़ा क्यों?

आज़ादी को गुज़रे दशकों का लंबा दौर हुआ,
बेटी के जन्म पर क्यों मन में कोई शोर हुआ?
बेटे की चाहत में बेटी यूं बोझ समझ ली जाए,
ममतामई 'कोख से कली' क्यों? मिटाई जाए?

जिस घर बेटी जन्मे, वहाँ खुशियों के दीप जलें,
वह आँगन हँसी से महके, सपनों को पंख मिलें।
बेटा या बेटी, दोनों जीवन की अनमोल सौगात,
फिर क्यों लिंग के तराजू पे तौली जाती है बात?

एक बेटी सिर्फ बेटी नहीं, वह कल की माँ भी है,
किसी घर की रोशनी, दूसरे घरों की शान भी है।
दुर्भाग्य ये नहीं कि लोग आज भी बेटा चाहते हैं,
ये दुर्भाग्य है कुछ लोग बेटी को जीने नहीं देते हैं।

आईए सोच बदलें उन बेटियों को अधिकार मिले,
जिस धरती पर जन्मी, उस धरती पे संसार मिले।
हर एक बेटी को स्नेह व सम्मान का आधार मिले,
नवयुग में बेटी को पाकर परिवार में चेहरे खिले।
(संदर्भ-हाई कोर्ट :'यह दुर्भाग्यपूर्ण कि आज भी लोग बेटा ही चाहते हैं')

संजय एम तराणेकर, (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया, 19 सितंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

सेवा संकल्प सहयोग अभियान के अंतर्गत पी.एल. जिंदल कॉन्वेंट स्कूल, रतिया (फतेहाबाद) में विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता, राष्ट्रप्रेम एवं रचनात्मक प्रतिभा का विकास करना था।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:

कक्षा 1 से 5: मानविक - प्रथम, कार्तिक - द्वितीय



कक्षा 6 से 8: समर सिंह - प्रथम, सुमित - द्वितीय

कक्षा 9 से 12: गुरशान सिंह - प्रथम, कुलदीप - द्वितीय

विजेता विद्यार्थियों को माननीय श्री अजय गुप्ता जी (एम.सी., संयोजक जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ, भाजपा फतेहाबाद एवं सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति) द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

श्री तरसेम जिंदल जी एवं श्री मोहन जैन जी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव संस्कारवान एवं रचनात्मक बच्चों से ही रखी जाती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का भी बोध कराती हैं।'

प्रधानाचार्या श्रीमती मोना तनेजा जी ने कहा कि 'सेवा संकल्प सहयोग अभियान बच्चों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं।' इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

सुपर-मॉर्बिड ओबेसिटी से पीड़ित मोहाली के 210 किलोग्राम के व्यक्ति को मिला नया जीवन

चंडीगढ़ (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सुपर-मॉर्बिड ओबेसिटी से पीड़ित 210 किलोग्राम वजन के मोहाली के 46 वर्षीय पंकज आहूजा को मैक्स अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक बेरिएट्रिक सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। पंकज व्यायाम और खान-पान में बदलाव के बावजूद अनियंत्रित रूप से बढ़ते वजन से परेशान थे। वह प्री-डायबिटिक भी थे और उनका फैटी लिवर ग्रेड-3 तक बढ़ चुका था।

प्रिंसिपल कंसलटेंट-जनरल सर्जरी, डॉ. अनुपम गोयल के नेतृत्व में मैक्स की सर्जिकल टीम ने लैप्रोस्कोपिक स्लीव गेस्ट्रोक्टॉमी की योजना बनाई। यह वजन घटाने की एक ऐसी सर्जरी है जो कम चीर-फाड़ वाली लेप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करके पेट) के आकार को कम करती है। इस प्रक्रिया में पेट का एक हिस्सा हटाकर एक छोटा, स्लीव के आकार का पेट बनाया गया। तमाम चुनौतियों के बावजूद सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



डॉ. गोयल ने कहा, 'इस तरह के मामले यह दर्शाते हैं कि गंभीर मोटापे पर अक्सर तब तक ध्यान नहीं दिया जाता जब तक कि यह एक गंभीर चरण में न पहुँच जाए। अनियंत्रित वजन बढ़ने से जूझ रहे लोगों को इंतजार करने के बजाय समय पर चिकित्सा परामर्श लेना चाहिए , क्योंकि शुरुआती हस्तक्षेप से सर्जरी और रिकवरी दोनों काफी सुरक्षित हो जाती हैं।' सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में अच्छा सुधार हुआ और तीन दिनों के बाद उन्हें स्थिर हालत में छुट्टी दे दी गई।

करनाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश

एंटी ऑटो थेफ्ट स्टाफ ने 4 आरोपियों को किया काबू

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
19 सितंबर (प्रवीण वालिया)

एंटी ऑटो थेफ्ट स्टाफ करनाल की टीम ने वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की 9 मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा सहित कुल 11 वाहन बरामद किए हैं।

- **कब्जे से चोरी शुदा 9 मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा सहित कुल 11 वाहन बरामद**

इस संबंध में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एंटी ऑटो थेफ्ट स्टाफ प्रभारी निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए दो अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया।

सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर करनाल बाईपास रिंग रोड, बहद रकबा गांव कुटेल से साहिल कुमार उर्फ दीवा व मनीष, निवासी गांव कैरवाली, जिला करनाल को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया।



आरोपियों से पूछताछ एवं जांच के दौरान उनकी निशानदेही पर कुल 7 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की गईं। इसी प्रकार मुख्य सिपाही सुखमहेन्द्र सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने कार्रवाई करते हुए पश्चिमी यमुना नहर, करनाल से आकाश उर्फ काशी, निवासी जुंडला तथा धीरज उर्फ आजाद, निवासी हांसी चौक, करनाल को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया।

आरोपियों के कब्जे से 2 चोरीशुदा मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा बरामद की गईं। इस प्रकार चारों आरोपियों के कब्जे एवं उनकी निशानदेही पर कुल 9 चोरीशुदा मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा सहित 11 चोरीशुदा दुपहिया वाहन बरामद किए जा चुके हैं। प्रारंभिक जांच में बरामद वाहन थाना शहर करनाल, थाना सिविल लाइन करनाल, थाना रामनगर, थाना इंद्री, थाना मधुबन, थाना सदर करनाल तथा जिला पानीपत के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी होना पाए गए हैं। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर वाहन चोरी की अन्य वारदातों एवं गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा के समर्थन में अंबाला में संयुक्त बैठक

अंबाला. 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ रजिस्टर्ड ग्रेजुएट कॉन्स्टिट्यूएंसी सीनेट चुनाव-2026 के संदर्भ में प्रगतिशील लेखक संघ हरियाणा के संरक्षक डॉ. रतन सिंह ढिल्लों एवं वित्त सचिव प्रो. गुरदेव सिंह देव के संयोजन में अंबाला की विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जारी साझा प्रेस विज्ञप्ति में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा, क्रम संख्या-47, को प्रथम वरीयता का वोट देकर विजयी बनाने की अपील की गई।

बैठक में जनवादी लेखक संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष मा. जयपाल, तर्कशील सोसायटी हरियाणा के गुरमीत सिंह, अंबाला साहित्य मंच के अध्यक्ष कृष्ण अवतार सूरी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य स. हरपाल सिंह मच्छौडा, प्रलेस अध्यक्ष मंडल के सदस्य तनवीर जाफ़री, केंद्रीय पंजाबी सभा की



अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. पाल कौर, कवि भारत भूषण एवं डॉ. जोगिंदर सिंह शामिल रहे।

ज्ञात रहे कि कवि एवं समीक्षक डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के पूर्व प्रोफेसर एवं पंजाबी विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। वे केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा में महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे हैं और वर्तमान में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव हैं।

पेज एक का शेष

1 अक्टूबर को...

उन्होंने आगे कहा, 'रोजगार उपलब्ध कराने का उद्देश्य केवल नौकरी देना ही नहीं है। यह युवाओं को सम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और अपने परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने का अवसर देने के बारे में है।' मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'हमने 2022 में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया था और यह योजना घरों को काफी राहत प्रदान कर रही है। सार्वजनिक संसाधनों का इस्तेमाल नागरिकों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए किया जाना चाहिए। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और राज्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए पंजाब के अपने बिजली ढांचे को मजबूत करना जरूरी है। लहरा मोहब्बत में गुरु गोबिंद सिंह सुपर थर्मल पावर प्लांट पंजाब के बिजली बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण हिस्सा है।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम लोगों के पैसे का समझदारी से इस्तेमाल कर रहे हैं। जब लोगों का पैसा वित्तीय रिसाव के माध्यम से बर्बाद होने के बजाय लोगों तक पहुंचता है, तो सड़कें, स्कूल, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक कार्य किए जा सकते हैं। सरकारी कार्यक्रम तभी सार्थक होते हैं, जब उनका लाभ आम परिवारों तक पहुंचता है।'

उन्होंने कहा, 'माताओं ने मुझे बताया है कि उन्हें दी जा रही वित्तीय सहायता का इस्तेमाल उनके बच्चों की पढ़ाई की फीस, घरेलू जरूरतों और अन्य जरूरी खर्चों के लिए किया जा रहा है। कल्याणकारी कार्यक्रमों का यही उद्देश्य होता है-परिवारों को सीधे सहायता प्रदान करना।'

मुख्यमंत्री ने घोषणा की, '1 अक्टूबर को महिलाओं के फोन पर नोटिफिकेशन की 'टूं-टूं' फिर बजेगी और 'मावां धियां सत्कार योजना' का लाभ मिलेगा।' उन्होंने बताया, 'कांग्रेस और अकाली दल हमारी सरकार द्वारा घोषित कई योजनाओं का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष के कुछ नेताओं ने सत्ता में वापस आने पर सरकारी योजनाओं को बंद करने की बात कही है। राजनीतिक पार्टियों को केवल मौजूदा कार्यक्रमों की आलोचना करने के बजाय लोगों को यह बताना चाहिए कि वे पंजाब के लिए क्या करना चाहते हैं।'

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'पंजाब का जल संकट हमारे भविष्य का सवाल है। हमने कृषि को नहरी सिंचाई की ओर स्थानांतरित करने और भूजल पर निर्भरता कम करने के लिए बड़े कार्य किए हैं। इस सिंचाई अभियान के तहत लगभग 14,000 किलोमीटर पाइपलाइनें बिछाई गई हैं और नहरी पानी के उपयोग में काफी वृद्धि हुई है।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'नहरी सिंचाई का उपयोग लगभग 22% से बढ़कर 88% हो गया है, जबकि कई क्षेत्रों में भूजल स्तर में एक से पांच मीटर तक सुधार हुआ है। हमने भूजल स्तर को ऊपर उठाकर पंजाब के रेगिस्तान बनने की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया है।'

उन्होंने आगे कहा, 'पानी का संरक्षण केवल कृषि का मुद्दा नहीं है। यह पंजाब के भविष्य का सवाल है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पंजाब के भूजल संकट के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे किसानों को नहरी पानी मिले और भूजल की हर बूंद का समझदारी से इस्तेमाल किया जाए।' मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'हमने सिंचाई के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है। सरकार ने पहले यह निवेश लगभग 6,700 करोड़ रुपये रखा था, जिससे 14,000 किलोमीटर पाइपलाइन और खालों का निर्माण किया गया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एक अन्य ऐसा क्षेत्र है, जिसके कायाकल्प का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने पद संभाला था, तब पंजाब शिक्षा सूचकांक में 27वें स्थान पर था। हमारी सरकार के ठोस प्रयासों के कारण पंजाब अब नीति आयोग के शिक्षा मूल्यांकन में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। हमारे शिक्षकों को फिनलैंड, सिंगापुर और आईआईएम जैसी संस्थाओं और स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भेजा जा रहा है। हमारे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करने के लिए स्कूल ऑफ एमिनेंस भी स्थापित किए गए हैं।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'सरकारी स्कूलों के बदलाव को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में हमारे विद्यार्थियों के प्रदर्शन के माध्यम से मापा जा सकता है। 2026 के नीट परिणामों के अनुसार पंजाब के सरकारी स्कूलों के 882 विद्यार्थियों ने पात्रता हासिल की है, जबकि 2021 में यह संख्या लगभग 80 थी।'

उन्होंने कहा, 'इन आंकड़ों के पीछे आम लोगों के परिवार हैं। उनके माता-पिता छोटी दुकानें चलाते हैं, मजदूरी करते हैं, रिक्शा चलाते हैं या सब्जियां बेचते हैं। जब उनके बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनते हैं तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है।'

यू.के. में सिख...

कई वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा।

घटना के समय मौके पर मौजूद चश्मदीदों ने इस पूरी घटना का वीडियो रिकॉर्ड किया और तुरंत पुलिस को फोन करके सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह नस्लीय हमला था या सिख बस ड्राइवर पर कोई नस्ली टिप्पणी की गई थी या नहीं।

इस घटना को लेकर यू.के. सहित पंजाबी और सिख समुदाय में बड़े पैमाने पर भारी रोष और विरोध देखने को मिल रहा है। संगत और प्रमुख नेताओं ने इस नफरती अपराध की सख्त निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, वेस्ट मर्सिया पुलिस ने बताया कि हमले के दौरान ड्राइवर को बस से बाहर निकाल दिया गया था, जिसके बाद बस को पार्क वे से हाई स्ट्रीट की ओर गलत दिशा में चलाया गया और इसने कई वाहनों को टक्कर मार दी। अधिकारियों ने आखिरकार वाहन को रोक लिया और लूटपाट व खतरनाक ड्राइविंग के संदेह में 20 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ जारी रहने के दौरान वह पुलिस हिरासत में है।

पुलिस ने बताया कि बस ड्राइवर का पैरामेडिक्स द्वारा मामूली चोटों के लिए इलाज किया गया और माना जा रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार डिटेक्टिव सार्जेंट टाइग लानी ने कहा: 'हम समझते हैं कि यह इस शाम इलाके में मौजूद लोगों के लिए एक चिंताजनक घटना रही होगी। मैं समुदाय को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो पुलिस हिरासत में है।'

पीएम मोदी ने...

भारत के युवाओं की क्षमता की एक और झलक हमारे स्टार्टअप इकोसिस्टम में दिखाई देती है। भारत के पास इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। इसके अलावा, भारत की स्टार्टअप कहानी अब सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही; आज, लगभग आधे मान्यता प्राप्त स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित हैं।

कुछ दिन पहले ही ब्रिक्स सम्मेलन समाप्त हुआ है। भारत ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ब्रिक्स सहयोग सिर्फ सरकारों तक ही सीमित न रहे, बल्कि इस साझेदारी में हमारे उद्यमियों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को भी सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। 'ब्रिक्स कनेक्ट' और 'ब्रिक्स एमएसएमई सहयोग पोर्टल' जैसी पहलें इसी दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। चाहे वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति हो, 'स्किल इंडिया मिशन' हो, 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' हो या अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षु प्रशिक्षण) को बढ़ावा देने वाली पहलें हों-हमारी लगातार कोशिश रही है कि युवाओं की शिक्षा और कौशल को बदलती अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुकूल बनाया जाए।

मुख्यमंत्री मान के...

काफिले पर अंडे और टमाटर मारे। इसे देखते हुए पुलिस ने रवनीत सिंह बिट्टू को हिरासत में ले लिया और उन्हें मौके से हटा दिया गया।

'आप' ने पंजाब...

अकाली-भाजपा सत्ता में आते हैं, तो वे तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू कर देंगे। उन्होंने एक और चेतावनी देते हुए कहा कि मुफ्त बिजली, 10 लाख रुपये वाला स्वास्थ्य कार्ड और टोल प्लाजा से मिली राहत वापस ले ली जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को एक 'डूबता जहाज' करार दिया और आरोप लगाया कि विरोधियों के पास उनके खिलाफ कुछ नहीं है, इसीलिए वे एआई (द्वेष) द्वारा बनाए गए वीडियो और गलत प्रचार का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भगवंत मान को निशाना बनाने के अलावा कांग्रेस पार्टी के पास कोई एजेंडा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हमें बार-बार डॉक्टर नहीं बदलने चाहिए, नहीं तो बीमारी और बढ़ जाती है। इसी तरह अब हमने काम करना सीख लिया है। विपक्ष कहता था कि हमारे पास अनुभव की कमी है। पंजाब अब शिक्षा में नंबर एक बन चुका है। पहली बार पंजाब को किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने का मौका मिल रहा है, जो कि 27 अक्टूबर से शुरू हो रहा है।' जबकि कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने ऐलान किया कि बूथ कमेटियों के 2.68 लाख सदस्य सरकार की उपलब्धियों को पूरे पंजाब में घर-घर तक पहुंचाएंगे। पार्टी के आंकड़ों के मुताबिक, 'आप' के 25,332 बूथ हैं और इस अभियान में घर-घर जाकर संपर्क करने के साथ-साथ सदस्यता अभियान भी शामिल होगा। यह अभियान लगभग एक महीने तक जारी रहेगा। 20 सितंबर को मुख्यमंत्री मान धूरी में घर-घर जाकर अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद बूथ कमेटियों के जरिए पूरे राज्य में अभियान चलाया जाएगा। पार्टी नेताओं ने बताया कि मुख्य ध्यान सरकार के कामों, योजनाओं और गारंटियों को सीधे मतदाताओं तक पहुंचाने पर होगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र...

समर्थकों और छात्रों ने ढोल की थाप पर नाचकर और नारेबाजी करके जश्न मनाया, जिससे पूरा माहौल जोश और उत्साह से भरा नजर आया। अध्यक्ष पद के लिए यश डबास ने 24,576 वोट हासिल करके एनएसयूआई उम्मीदवार को हराया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने 30,615 वोट लेकर जीत हासिल की। जबकि सचिव पद के लिए एबीवीपी की रिया छाबड़ी 21,650 वोट लेकर विजयी रहीं। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए एबीवीपी के उम्मीदवार लक्ष्य राज सिंह 16,615 वोट लेकर विजेता रहे।

इससे पहले सुबह 90 मिनट की देरी से वोटों की गिनती शुरू हुई। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी और एनएसयूआई के उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस बार एनएसयूआई के लिए कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने काफी मेहनत भी की थी, लेकिन वह भी छात्र विंग को जीत नहीं दिला सके। वामपंथी दलों के गठबंधन और आम आदमी पार्टी के छात्र विंग ने भी चुनावों में संघर्ष किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। गौरतलब है कि डूसू चुनावों के लिए शुक्रवार को 52 कॉलेजों में मतदान हुआ था। इसमें 40.46 फीसदी वोटिंग हुई थी और 1,51,519 छात्रों में से 61,312 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

अमृतसर में 119...

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी कथित तौर पर सीमा पार के तस्करों के साथ तालमेल बिठाकर काम कर रहे थे और आगे सप्लाई के लिए हेरोइन की खेप प्राप्त कर रहे थे।

कार्रवाई का विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर की टीमों को खुफिया सूचना मिली थी कि सीमा पार तस्करी मॉड्यूल के तीन गुर्गों को ड्रोन से गिराई गई एक खेप मिली है और वे अमृतसर-तरनतारन रोड पर फ्लाईओवर के नीचे एक बड़ा नशा सौदा करने वाले हैं।

उन्होंने आगे कहा कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने रणनीतिक नाकाबंदी की और फ्लाईओवर के पास स्थित पार्क के समीप उनकी स्विफ्ट कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 17 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई।

ट्रम्प ने एच-1बी...

चाहिए या नवीनीकृत किया जाना चाहिए।

ताजा कदम एक ऐसी नीति को आगे बढ़ाता है जिसने पहले ही भारत में चिंताएं पैदा कर दी हैं। पिछले साल, नई दिल्ली ने कहा था कि वह एच-1बी प्रतिबंधों के प्रभावों की जांच कर रहा है और प्रभावित परिवारों के लिए संभावित मानवीय चुनौतियों को रेखांकित किया था। भारत ने प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार, आर्थिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता में इसके योगदान का हवाला देते हुए, दोनों देशों के बीच कुशल प्रतिभा की आवाजाही (गतिशीलता) के महत्व पर भी जोर दिया था।

अब सितंबर 2027 तक 100,000 डॉलर की शर्त के बढ़ने के साथ, जैसे ही वाशिंगटन उच्च-वेतन और उच्च-कुशल कर्मचारियों के

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

एचडीसीए की सुरभि व आरूषि का पंजाब अंडर-19 कैंप में हुआ चयनः डा. रमन घई

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर
(दलजीत अजनोहा)

होशियारपुर एचडीसीए सेंटर से प्रशिक्षण ले रही होनहार महिला खिलाड़ी सुरभि व आरूषि ठाकुर का पंजाब अंडर-19 कैंप में चयन होने से होसियारपुर के लिए सम्मान की बात है। इस सबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि पटियाला में चलने वाले एक सप्ताह के इस कैंप में खिलाड़ियों को अभ्यास मैंचों में खेलने का मौके का दिया जाएगा तथा इन अभ्यास मैचों में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का



पंजाब अंडर-19 टीम के लिए चयन किया जाएगा। सुरभि व आरूषि के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए डा. घई ने बताया कि होशियारपुर की सुरभि इससे पहले पंजाब की अंडर-15, 19 व अंडर-23 टीम के लिए खेल रही है। खिलाड़ियों के इस चयन पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेला, संयुक्त सचिव विवेक साहनी, योगराज शर्मा, डा. पंकज शिव, अतुल ठाकुर, जतिंदर सूद, सुभाष शर्मा के अलावा सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

इसके अलावा मुख्य कोच दविंदर कौर कल्याण, सहायक कोच निकिता कुमारी, जिला कोच दलजीत सिंह, सहायक कोच अशोक शर्मा, परवीन कपूर, पंकज पिंका व जिला ट्रेनर पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया, 19 सितंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

गुरुद्वारा श्री विश्वकर्मा साहिब में चौधरी रूली राम खीचड़ (दादूपुर) की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरु जम्भेश्वर मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल एवं आईवीएफ सेंटर (सुमन अस्पताल, अग्रोहा) के सौजन्य से नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

शिविर में यूरोलॉजिस्ट डॉ. क्षितिज बिश्नोई, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सरिता बिश्नोई, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रणबीर तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू बिश्नोई सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सकों द्वारा आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न टेस्ट किए गए तथा जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं।

इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री विश्वकर्मा साहिब प्रबंधक कमेटी के प्रधान कश्मीर सिंह सहित



कमेटी के सदस्यों ने अस्पताल से पहुंची चिकित्सकीय टीम का सिरोपाओ देकर सम्मान किया।

इस मौके पर अस्पताल के एमडी रोहताश बिश्नोई ने बताया कि चौधरी रूली राम खीचड़ की स्मृति में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से यह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करवाना था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस अवसर पर प्रधान कश्मीर सिंह, अवतार सिंह, गुरमीत सिंह, स्वर्ण सिंह, मेजर सिंह, तरलोचन सिंह रूपाल, हैप्पी सिंह सेठी, गुरशरण सिंह, रणजीत सिंह, संदीप शर्मा सहित अस्पताल की चिकित्सकीय टीम एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

खन्ना की याचिका पर क्वांटम पेपर मिल के प्रदूषण मामले में मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- **पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पर्यावरण इंजीनियर से एक सप्ताह में रिपोर्ट तलब, अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को**

पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश राय खन्ना द्वारा सैला खुर्द, तहसील गढ़शंकर स्थित क्वांटम पेपर मिल से कथित रूप से फैल रहे दुर्गंध, वायु प्रदूषण एवं भूजल प्रदूषण का मामला पंजाब मानवाधिकार आयोग के समक्ष उठाए जाने के बाद आयोग ने मामले का संज्ञान लिया है।

खन्ना के कार्यालय से सचिव ज्योति कुमार जौली ने बताया कि गत दिनों उक्त मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार संघर्ष समिति, सैला खुर्द के पदाधिकारियों संजीव गुप्ता बॉबी, रिंकू चांदपुरी, सरपंच गोल्डी सिंह, मोहित गुप्ता, राजेश कुमार, करणवीर सिंह आदि ने तथा इस क्षेत्र के निवासियों द्वारा क्वांटम पेपर मिल द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण के विरोध में श्री खन्ना को एक शिकायत सौंपी गयी थी जिसे खन्ना द्वारा एक याचिका के माध्यम से प्रदेश मानवाधिकार आयोग के समक्ष उठाया गया था। श्री खन्ना की याचिका पर आयोग ने मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, होशियारपुर के पर्यावरण इंजीनियर को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। याचिका में श्री खन्ना द्वारा आयोग को बताया गया था कि क्वांटम पेपर मिल से निकलने वाली गैसों के कारण क्षेत्र में दुर्गंध और वायु प्रदूषण की समस्या पैदा हो रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



इसके अलावा मिल से निकलने वाले रासायनिक रूप से दूषित पानी के भूजल में मिल जाने और इसके कारण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी व्यक्त की गई थी। मामला दुर्गंध एवं वायु प्रदूषण तथा कथित रूप से रासायनिक दूषित पानी के कारण भूजल और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव से संबंधित है जिसका आयोग ने संज्ञान लेते हुए पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संबंधित अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

राधाष्टमी के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल (प्रवीण वालिया)

नर्सी विलेज स्थित गणेश मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर प्रात: 10 बजे गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 51 कलशों का संकल्प लिया गया। कलश यात्रा में महिलाओं एवं पुरुषों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। धार्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन के साथ कलश यात्रा संपन्न हुई। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शाम 3:30 बजे से होगा, जिसमें कथा वाचक आचार्य मिथिलेश नंदन कौशिक जी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का गुणगान एवं कथा वाचन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि वे



इस पावन धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान करें और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

जनप्रतिनिधियों के मध्य सार्थक संवाद विकास को देता है नई दिशा : रेखा गुप्ता

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, (प्रवीण वालिया)

- **महापौर रेणु बाला गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री का किया स्वागत-अभिनंदन, सीएम रेखा गुप्ता ने सर्वांगीण विकास की दिशा में महापौर के प्रयासों को सराहा**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और आपसी समन्वय को विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद से जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलती है।

शनिवार को करनाल स्थित डिवेंचर होटल में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का महापौर रेणु बाला गुप्ता ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। महापौर ने मुख्यमंत्री के करनाल आगमन को शहर के लिए हर्ष एवं गौरव का अवसर बताते हुए उनका स्वागत किया। साथ ही उनके सफल कार्यकाल और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महापौर रेणु बाला गुप्ता द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और दिल्ली के बीच लंबे समय से सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध रहे हैं। उन्होंने करनाल के विकास और शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय



जनप्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक संवाद समाज और शहरों के विकास के लिए उपयोगी साबित होता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने करनाल के सर्वांगीण विकास की दिशा में महापौर रेणु बाला गुप्ता के अनवरत प्रयासों की सराहना भी की। वहीं, महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बीच निरंतर संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ विकास कार्यों को प्रभावी बनाने में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि करनाल में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और शहर के समग्र विकास के लिए नगर निगम स्तर पर लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शहर को और बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि करनाल के विकास में नागरिक सहभागिता, जनप्रतिनिधियों का सहयोग और प्रशासनिक स्तर पर बेहतर तालमेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे अवसरों से विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों और अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलता है, जिसका लाभ भविष्य में जनहित की योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने में मिल सकता है।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का करनाल आगमन हम सभी के लिए सम्मान और प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का नेतृत्व निरंतर मजबूत हो रहा है और यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने मुख्यमंत्री को करनाल की ओर से शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी जनहित के कार्यों के लिए सहयोग एवं संवाद की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, विधायक जगमोहन आनंद की धर्मपत्नी रेखा आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, पायल अरोड़ा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के करनाल आगमन पर महापौर रेणु बाला गुप्ता द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन के साथ कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चरल यूनिवर्सिटी करनाल में प्रथम उद्यान मेला एवं हॉर्टी एक्सपो का कृषिमंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने किया शुभारंभ

कृषिमंत्री ने एमएचयू की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, शहद टैस्टिंग प्रयोगशाला का शुभारंभ किया

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
19 सितंबर (प्रवीण वालिया)

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चरल यूनिवर्सिटी करनाल में प्रथम उद्यान मेला एवं हॉर्टी एक्सपो-2026 लगाया गया है, इस मेले से प्रदेशभर के किसान भाईयों को बहुत लाभ होगा। किसानों को एक ही जगह पर एमएचयू के साथ साथ दूसरे अनुसंधान केंद्रों, उद्यमियों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को देखने का मौका मिलेगा। जिन्हें किसान अपनाकर खेती किसानी में बदलाव की ओर अग्रसर होगा। ये बाते कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य पालन विभाग के मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि एमएचयू के दो दिवसीय प्रथम उद्यान मेला एवं हॉर्टी एक्सपो के शुभारंभ पर उपस्थित किसान भाईयों से कही। एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने मुख्य अतिथि कृषिमंत्री श्री श्याम सिंह राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले कृषि का मतलब एक ही होता था, लेकिन अब कृषि भी कई क्षेत्रों में विभाजित हो चुकी है, इनमें से बागवानी की खेती भी एक प्रकार है। एमएचयू बागवानी की खेती के विशेषज्ञ तैयार कर रही है। बागवानी की खेती करने वाले किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कैसे हो साथ ही प्रदेशवासियों को किस प्रकार से



पौष्टिक रसायनमुक्त फल, फूल, सब्जियां, मसाले मिले। इसके लिए सरकार द्वारा एमएचयू की स्थापना की गई। जो धीरे धीरे सफलता की ओर बढ़ रही है। कुलपति प्रो सुरेश मल्होत्रा के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी लगातार नए आयाम छू रही है, प्रथम उद्यान मेला भी बागवानी विश्वविद्यालय के उत्थान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारतवर्ष ऐसा देश है, जहां पर करीब 80 प्रतिशत भूमि कृषि योग्य भूमि है। लेकिन समय के साथ-साथ जनसंख्या बढ़ने से जमीने संकूचित होती जा रही है, किसान कम जमीन में बागवानी की खेती करके अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है, अगर कोई फसल एमएसपी से कम पर बिकती है तो किसान को नुकसान न हो। इसे देखते हुए भावांतर भरपाई योजना शुरू की है, किसान को एमएसपी से जितना कम दाम मिलेगा, उतना दाम भावातंर भरपाई योजना के तहत प्रदेश सरकार किसान को देंगी। किसान भाई प्राचीन खेती जैसे पशु पालन भी करें, जैविक खेती को प्राथमिकता दे। जिससे किसान तो खुशहाल होगा साथ ही लोगों को बेहतर पौष्टिक खाद्यान मिलेगा।

कृषि मंत्री ने एमएचयू की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, शहद टैस्टिंग प्रयोगशाला का शुभारंभ के साथ ही किसानों को सैंपल रिपोर्ट भी दी गई। मौके पर हरियाणा बागवानी पत्रिका, एमएचयू का पॉड कास्ट का विमोचन किया गया ओर एमएचयू के प्रमोशन वीडिया को विचोचन किया गया।

कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एमएचयू का प्रथम उद्यान मेला एवं हॉर्टी एक्सपो किसानों के लिए वरदान साबित होगा, किसान भाईयों को एक ही मंच पर विभिन्न किस्मों के फलों के उन्नत किस्मों के पौधे, क्लमें, सब्जियों के बीज व पौध मिल रहे है, इसके साथ ही बागवानी की खेती में प्रयुक्त उन्नत तकनीकों को देखने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि एमएचयू का प्रयास है कि किसान भाई खेती में नवीनतक तकनीकों को अपनाएं, जिससे उनके जीवन में पहले की अपेक्षा ओर ज्यादा आर्थिक उन्नति आए। उन्होंने कहा कि मेले में आए किसान भाई सीधे तौर पर बागवानी, कृषि से जुड़े विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ रहे है ओर खेती में नई नई जानकारियों को हासिल कर रहे है। जिससे उन्हें यकीकन फायदा होगा। कुलपति ने कहा कि मेले में हरियाणा के अलग अलग हिस्सों से किसान, उद्यमी, कृषि उपकरण बनाने वाली कंपनियां, महिला, किसान समूह, आईसीएआर के अलावा हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा 80 से अधिक स्टॉल लगाए है, जिन पर सुबह से ही काफी भीड़ रही। कुलसचिव प्रो सुरेंद्र सिंह ने उद्यान मेला में सभी अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एचएयू हिसार के वीसी डॉ बी.आर काम्बोज अनुसंधान निदेशक डॉ विशाल राणा, डीजी हॉर्टिकल्चरल डा रणधीर सिंह, डॉ पशुधन बोर्ड के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

मुख्तयार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज एवं विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन

सेवा संकल्प सहयोग अभियान के तहत विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रप्रेम को किया अभिव्यक्त

पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया, 19 सितंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

सेवा संकल्प सहयोग अभियान के अंतर्गत मुख्तयार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज एवं विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, सेवा भावना, राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास बोर्ड के चेयरमैन बलदेव सिंह ग्रोहा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशक्ति और प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। साथ ही, इनके माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और रचनात्मक सोच का विकास होता है। चेयरमैन बलदेव सिंह ग्रोहा ने कहा कि 'सेवा





संकल्प सहयोग अभियान बच्चों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं।' उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझना चाहिए। सेवा और सहयोग की भावना बचपन से विकसित होने पर इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि चित्रकला केवल कला की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि विचारों और भावनाओं को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों में जिस प्रकार सामाजिक विषयों को स्थान दिया गया, वह उनकी संवेदनशील सोच को दर्शाता है। उन्होंने आयोजकों को इस प्रकार की रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. रविन्द्र सिंह बलियाला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प को केवल किसी अभियान तक सीमित न रखकर इसे जीवन-पद्धति का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करना, समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से पूरा करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ सेवा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। आयोजकों द्वारा विद्यार्थियों को अपनी कल्पना के अनुसार सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर चित्र बनाने का अवसर प्रदान किया गया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ समाज के प्रति अपने विचारों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का मंच भी दिया। इस अवसर पर जिला संयोजक बलदेव सैनी, मंडल अध्यक्ष संदीप तनेजा, जिला सचिव निर्मल सिंह, मंडल महामंत्री डॉ. हरि सिंह, विजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष सोहन सिंह, विक्रम शर्मा, मंजीत सिंह, सुनील कंबोज, नवजोत ग्रोहा सहित विद्यालय का स्टाफ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजकों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

क्रॉनिक टोटल ऑक्लुजन एंजियोप्लास्टी से 5 हृदय रोगियों को मिला नया जीवन

चंडीगढ़, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पार्क ग्रीशियन हॉस्पिटल, मोहाली में पांच हृदय रोगियों को क्रॉनिक टोटल ऑक्लूजन (सीटीओ) एंजियोप्लास्टी से नई ज़िंदगी मिली। इनमें वे मरीज भी शामिल थे जिन्हें बायपास सर्जरी के लिए अनुपयुक्त या उच्च जोखिम वाला माना गया था।

ऐसा ही एक मामला 50 वर्षीय पुरुष का था जो ट्रिपल-वेसल कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित थे। उन्हें चलने-फिरने पर सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और थकान की शिकायत थी, जिससे उनकी दिनचर्या काफी प्रभावित हो रही थी। मरीज ने पहले भी डॉक्टरों से सलाह ली थी और उन्हें कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग कराने की सलाह दी गई थी। हालांकि, उनके गंभीर ब्रोंकियल अस्थमा के कारण,



उन्हें लंबे समय तक वेंटिलेटर सपोर्ट और वेंटिलेटर से हटाने में होने वाली देरी की आशंकाओं के चलते सर्जरी के लिए एक उच्च जोखिम वाला मरीज माना गया था। एसोसिएट डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी विभाग, डॉ. संकल्प शर्मा ने बताया कि मरीज की दो चरणों में एंजियोप्लास्टी की गई, जिसमें सफल क्रॉनिक टोटल ऑक्लुजन एंजियोप्लास्टी भी शामिल थी। इसके परिणामस्वरूप बिना बायपास सर्जरी के ही पूरी कोरोनरी रिवैस्कुलराइजेशन हो गई।

डॉ. शर्मा ने बताया कि सफल सीटीओ एंजियोप्लास्टी परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन से सर्जरी के लिए उच्च जोखिम वाले उन चुनिंदा मरीजों में बाईपास सर्जरी का एक बेहतर विकल्प मिलता है। हालांकि, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह हर मरीज में कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग का विकल्प नहीं है, क्योंकि इलाज के फैसले हर मरीज की स्थिति के अनुसार अलग-अलग व्यक्तिगत तौर पर लिए जाने चाहिए।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

युवाओं के सपनों को उड़ान दे रही है पंजाब सरकार : मुख्यमंत्री भगवंत मान

युवाओं के कारोबारी विचारों को हकीकत में बदलने के लिए 'स्टार्टअप सेंटर' स्थापित किया : मुख्यमंत्री मान

एस.ए.एस. नगर, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **स्कूलज़ ऑफ एमिनेंस' के विद्यार्थियों के विचार बहुत नवीन और उपयोगी; सरकार उनको करवा रही है पेटैंट**
- **पंजाब को उद्योग, निवेश और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि उनकी सरकार राज्य के युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए उचित अवसर, वित्तीय सहायता और संस्थागत सहयोग का मजबूत ढांचा तैयार कर रही है, ताकि उनके अनोखे विचारों को हकीकत में बदला जा सके। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) द्वारा मोहाली कैंपस में 'इंडिया अनबाउंड: डिफाइनिंग टुमॉरोज लीडरशिप' विषय पर आयोजित आईएसबी लीडरशिप सम्मेलन-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के युवाओं में प्रतिभा या ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। इसी कारण सरकार ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी योग्यता दिखाने, कारोबार स्थापित करने और रोजगार पैदा करने के लिए उचित मंच प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

आईएसबी के चेयरमैन हरीश मनवानी, आईएसबी के डीन प्रोफेसर मदन, अकादमिक और कारोबारी जगत की प्रमुख हस्तियों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने आईएसबी को 25 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आईएसबी जैसी संस्थाएं युवाओं की अपार ऊर्जा को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नवाचारपूर्ण विचारों को हकीकत में बदलने के लिए 'स्टार्टअप सेंटर' स्थापित किया है। वहीं 'बिजनेस ब्लास्टर्स' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को सीड मनी तथा स्कूल ऑफ एमिनेंस के विद्यार्थियों को रचनात्मक और उपयोगी विचारों को साकार करने के लिए सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि वे उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। उद्योगपतियों और निवेशकों को पंजाब में निवेश करने का निमंत्रण देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को उद्योग, निवेश और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इस अवसर की कुछ झलकियां साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, 'मोहाली में आयोजित आईएसबी लीडरशिप सम्मेलन में शामिल हुए और संस्थान को 25 वर्ष पूरे करने पर बधाई। आईएसबी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं हमारे युवाओं की अपार ऊर्जा को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उड़ान भरने के लिए सही पंख देने की। इसी सोच के साथ हमने पंजाब में 'स्कूल्स ऑफ एमिनेंस' स्थापित किए हैं, जहां विद्यार्थियों को नए कारोबारी विचार विकसित करने के लिए 'सीड मनी' (शुरुआती पूंजी) दी जा रही है। पंजाबियों ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर दुनिया भर में ऊंचाइयां हासिल की हैं। मैं सभी उद्योगपतियों को गुरुओं और संतों की इस पवित्र धरती पर अधिक से अधिक निवेश करने का निमंत्रण देता हूं। इंकलाब जिंदाबाद।'

आईएसबी लीडरशिप सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि आने वाला समय उन्हीं समाजों का है जो नवाचार लाने, सोच-समझकर जोखिम उठाने और उभरते अवसरों को टिकाऊ विकास में बदलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'आईएसबी लीडरशिप सम्मेलन संस्थान का सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक लीडरशिप कार्यक्रम है, जो भारत के भविष्य को आकार देने वाली लीडरशिप और अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए कारोबारी नेताओं, उद्यमियों, नीति-निर्माताओं, नवाचारकर्ताओं और विद्यार्थियों को एक ही मंच पर एकत्रित होने का अवसर प्रदान करता है।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस सम्मेलन में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान, खुशी और गर्व की बात है। मैं राज्य सरकार की ओर से आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं।' सम्मेलन के आयोजन के लिए विद्यार्थियों और पूरी आईएसबी टीम को बधाई देते हुए उन्होंने कहा



कि यह शिक्षा, कारोबार और उद्यमिता के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों को एकत्रित करके विचारों के आदान-प्रदान और भविष्य की लीडरशिप तैयार करने के लिए एक सुव्यवस्थित मंच प्रदान करता है। 'इंडिया अनबाउंड: डिफाइनिंग टुमॉरोज लीडरशिप' विषय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते आज के दौर में यह विषय बहुत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, 'आज भारत के पास अपनी युवा आबादी, तकनीकी क्षमताओं और बढ़ती आर्थिक आकांक्षाओं के कारण अपार क्षमता है, लेकिन अवसर अपने आप लाभकारी साबित नहीं होते। वास्तविक नेतृत्व चुनौतियों के बीच अवसरों की पहचान करने के बारे में है। दूरदर्शी सोच, निवेश और जोखिम उठाने के साहस के माध्यम से अवसरों को परिणामों में बदलना पड़ता है।'

उन्होंने कहा कि भारत लगातार विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है और आईएसबी जैसी संस्थाएं उद्यमियों, पेशेवरों और कारोबारी नेताओं की अगली पीढ़ी तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो इस बदलाव का नेतृत्व कर सकते हैं।

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'आईएसबी ने बहुत कम समय में प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्था के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आईएसबी की सफलता उस युवा भारत की आकांक्षाओं को दर्शाती है, जो लगातार आत्मविश्वासी, उत्साही और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह कॉलेज केवल डिग्रीधारक ही तैयार नहीं कर रहा, बल्कि ऐसे नेताओं को तैयार करने में मदद कर रहा है, जो भविष्य के लिए कारोबार, संस्थाएं और समाधान तैयार कर सकते हैं।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहाली में आईएसबी की मौजूदगी पंजाब के लिए बहुत गर्व की बात है और यह संस्था राज्य में ज्ञान, अनुसंधान, प्रतिभा, उद्यमिता और निवेश का बेहतर माहौल तैयार करने में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा, 'मोहाली तेजी से तकनीक, उद्यमिता और नवाचार के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।' इस दौरान उन्होंने कालकट भवन में स्थित 'स्टार्टअप इनक्यूबेटर' का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार उभरते उद्यमियों और नवाचारपूर्ण उद्यमों को संस्थागत सहयोग देने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, 'पंजाब के पास स्टार्टअप्स, तकनीक-आधारित उद्यमों और आधुनिक युग के उद्योगों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनने की अपार क्षमता है। राज्य सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि पंजाब के युवाओं को अवसरों की तलाश में राज्य छोड़कर विदेश न जाना पड़े।' उन्होंने आगे कहा, 'हम ऐसा माहौल तैयार करना चाहते हैं, जहां युवा सपने देख सकें, नवाचार कर सकें, कारोबार शुरू कर सकें और पंजाब में ही रोजगार पैदा कर सकें।'

विद्यार्थियों में छोटी उम्र से ही उद्यमी सोच विकसित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 'स्कूल्स ऑफ एमिनेंस' में 'बिजनेस ब्लास्टर्स' कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने कहा, 'उद्योग जगत के नेता और उद्यमियों का मार्गदर्शन करने वाले इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को नए कारोबार स्थापित करने के लिए सीड मनी दी जाती है।' उन्होंने कहा, 'उद्यमिता को केवल करियर के एक विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करने और वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान करने के साधन के रूप में देखा जाना चाहिए।'

विद्यार्थियों को पारंपरिक करियर के रास्तों से हटकर सोचने के लिए प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'ऐसे समाधान तैयार करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जो समाज के लिए उपयोगी हों। शुरुआत से ही पंजाब उद्यम, कड़ी मेहनत और साहस करने वालों की धरती रहा है।' उन्होंने कहा कि साहस, कड़ी मेहनत, दृढ़ता और उद्यमशीलता की भावना पंजाब के स्वभाव में गहराई से रची-बसी हुई है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'पंजाब की समृद्ध और शानदार विरासत महान गुरुओं, संतों, पीरों-फकीरों और शहीदों से जुड़ी हुई है। बहादुरी, मेहनत, दृढ़ता और उद्यमी सोच पंजाबियों में गहराई से समाई हुई है, जो हमें विश्व स्तर पर अग्रणी बनाती है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर इसकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तक देश के लिए अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने आगे कहा, 'पंजाब को 'भारत का अन्न भंडार और खड्ग भुजा' के रूप में जाने जाने पर गर्व है। राज्य ने किसानों, उद्यमियों, उद्योगपतियों, पेशेवरों और व्यापारिक नेताओं की ऐसी पीढ़ियाँ पैदा की हैं, जिन्होंने न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। पंजाबियों के मेहनती स्वभाव ने उद्यमियों, उद्योग और श्रमिक वर्ग के बीच एक मजबूत रिश्ता कायम किया है, जो राज्य के आर्थिक विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।'

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब को अपनी कृषि पहचान पर हमेशा गर्व रहेगा, लेकिन रोजगार के अवसर पैदा करने, निवेश को प्रोत्साहित करने और आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए औद्योगीकरण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा, 'सरकार एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के लिए काम कर रही है जहाँ उद्यमी भरोसे के साथ निवेश कर सकें और जहाँ नवाचार के अधिक अवसर हों।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब भले ही एक कृषि प्रधान राज्य है, लेकिन विकास के अगले चरण के लिए नए उद्योगों का भी पंजाब आना जरूरी है। कृषि और उद्योग को एक साथ आगे बढ़ना होगा।' राज्य की औद्योगिक नीति का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'सरकार ने एक पारदर्शी और निवेशक-पक्षीय ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। जब सरकारी नीति, निजी निवेश, उद्यमी ऊर्जा और आईएसबी जैसी संस्थाएँ एक साथ काम करती हैं तो पंजाब में असीम संभावनाएँ हो सकती हैं। विद्यार्थियों को यह बताते हुए कि नेतृत्व का मतलब केवल पद हासिल करना नहीं है, मुख्यमंत्री ने कहा, 'नेतृत्व पहल करने, लोगों को जोड़ने, समस्याओं को हल करने और दूसरों के लिए अवसर सृजित करने के बारे में है।'

गंभीर एक्यूट पैन्क्रियाटाइटिस से पीड़ित 76 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन

पंचकुला, 19 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

गंभीर एक्यूट पैन्क्रियाटाइटिस से पीड़ित 76 वर्षीय महिला, जो कार्डियक फेलियर और मल्टीपल ऑर्गन डिस्फंक्शन जैसी जटिलताओं से जूझ रही थीं, को पार्क अस्पताल, पंचकुला में सफल इलाज के बाद नया जीवनदान मिला। मरीज़ को पैंक्रिआज़ में गंभीर क्षति और उससे जुड़ी अन्य जटिलताओं के कारण अत्यंत नाजुक स्थिति में पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके चलते उन्हें वेंटिलेटर और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों पर रखा गया था।



इलाज के दौरान जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर, कार्डियोलॉजी और इंटरनल मेडिसिन के विशेषज्ञों की एक मल्टीडिसीप्लिनरी टीम ने मिलकर काम किया। लंबे, गहन और समय पर किए गए इलाज के बाद मरीज के अंगों के कामकाज में सुधार हुआ और अंततः उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कंसल्टेंट-जनरल और मिनिमली इनवेसिव सर्जन, डॉ. हर्षित गुप्ता ने बताया कि लगातार ऑर्गन फेलियर के साथ गंभीर एक्यूट पैन्क्रियाटाइटिस का होना गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी और क्रिटिकल केयर में सबसे चुनौतीपूर्ण आपातकालीन स्थितियों में से एक है।उन्होंने कहा कि इस मरीज की रिकवरी ने टीम वर्क, समय पर हस्तक्षेप और व्यापक क्रिटिकल केयर के महत्व को साबित किया है।

होशियारपुर जिला बार एसोसिएशन में महिलाओं का दबदबा: एडवोकेट गुरप्रीत कौर बनीं पहली महिला उपाध्यक्ष



पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जिला बार एसोसिएशनों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण के ऐतिहासिक फैसले के बाद, होशियारपुर बार एसोसिएशन के चुनावों में महिलाओं ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद, एडवोकेट गुरप्रीत कौर ने होशियारपुर जिला बार एसोसिएशन की पहली महिला उपाध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है।

इस शानदार जीत के बाद, पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल की होशियारपुर से पहली महिला चुनी गईं सदस्य डॉ. रजनी नंदा ने एडवोकेट गुरप्रीत कौर को विशेष रूप से सम्मानित किया। इसके अलावा, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट एच.एस. धामी ने भी अपने गृह निवास पर एडवोकेट गुरप्रीत कौर का मुंह मीठा करवाकर इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए इस बार के चुनावों में एडवोकेट नैंसी शर्मा जॉइंट सेक्रेटरी चुनी गई हैं। इसके साथ ही, एग्जीक्यूटिव मेंबर्स के रूप में 3 महिलाओं-एडवोकेट रितिका सिंह, एडवोकेट चेतना कुमरा और एडवोकेट मनदीप कौर-ने भी जीत हासिल की है।

बार एसोसिएशन में महिलाओं का यह प्रतिनिधित्व कानूनी क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस अवसर पर बात करते हुए नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष एडवोकेट गुरप्रीत कौर ने कहा कि उनकी मुख्य प्राथमिकता 'बार और बेंच' के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना होगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिला वकीलों को आ रही समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा, बार कॉम्प्लेक्स में जो भी बुनियादी सुविधाएं अभी अधूरी हैं, उन्हें आदरणीय अध्यक्ष एडवोकेट शमशेर भारद्वाज के दिशा-निर्देशों के अनुसार जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

इस खास मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने के लिए कानूनी जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं, जिनमें एडवोकेट पंचम शर्मा, एडवोकेट जेम्स, डॉ. इकनूर थियाड़ा, एडवोकेट गुरुप्रसाद, एडवोकेट अमनदीप कौर, एडवोकेट रितिका और अन्य गणमान्य वकील शामिल थे। सभी ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि यह टीम वकील समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी।

गांव अजनोहा से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बस रवाना, श्रद्धालुओं में भारी उत्साह : तरुण अरोड़ा

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज गांव अजनोहा से श्रद्धालुओं की बस धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिली।



इस मौके पर तरुण अरोड़ा, डायरेक्टर पंजाब सरकार, पेडा तथा स्टेट सेक्रेटरी 'आप', वी.एस.एस. ने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से लोगों की सुविधा और कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से लोक-कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य आम लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

इस अवसर पर हलके के चेयरमैन, सरपंच संदीप सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य, गांव के सरपंच, ग्राम पंचायत के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित थे।

सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और बस को रवाना किया। इस मौके पर गांववासियों और यात्रियों ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान का धन्यवाद किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस योजना के माध्यम से उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का सुविधाजनक अवसर मिल रहा है।

नव-नियुक्त हेडमास्टर मनोहर लाल को पदभार संभालने पर संगठनों ने किया सम्मानित



पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति और गवर्नमेंट टीचर्स यूनियन ब्लॉक कोट फतूही की टीम ने ब्लॉक कोट फतूही के सरकारी हाई स्कूल ढाडा कलां में पदभार संभालने पर नव-नियुक्त हेडमास्टर मनोहर लाल को सम्मानित किया। ब्लॉक प्रधान नरेंद्र अजनोहा, ओंकार सिंह, प्रिंसिपल हरमनोज कुमार और प्रिंसिपल परमिंदर कुमार ने मनोहर लाल को हेडमास्टर के पद पर पदोन्नत होने पर बधाई दी। इस अवसर पर मनोहर लाल और उनकी धर्मपत्नी मैडम स्वीटी को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। नव-नियुक्त हेडमास्टर मनोहर लाल ने संगठनों द्वारा किए गए सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लेक्चरर जतिंदर सिंह, अवतार सिंह, अमरजीत सिंह, सोहन सिंह झज्ज, बलकार सिंह, अमरजीत कुमार, हरपाल सिंह, हाफिज, कुलविंदर सिंह, हरभजन सिंह, मैडम मोनिका, प्रभजोत कौर, रिपनजीत कौर, कुलविंदर कौर, मीना कुमारी और परमजीत कौर सहित अन्य उपस्थित थे।

पंजाब के होशियारपुर जिले के सहायक प्रशिक्षण केंद्र बी. एस. एफ. खारकान कैंप में 128 कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) की दीक्षांत समारोह आयोजित की गई

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)



सहायक प्रशिक्षण केंद्र बी एस एफ, खरकान कैंप, जिला होशियारपुर में 128 कांस्टेबल (ट्रेड्समैन) प्रशिक्षुओं की दीक्षांत समारोह और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जो उनके कठोर प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है। महानिरीक्षक श्री सी.डी. अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और शानदार परेड की सलामी ली। समारोह में विशिष्ट अतिथि, सेवारत और सेवानिवृत्त बी एस एफ अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, नव उत्तीर्ण सैनिकों के माता-पिता और रिश्तेदार उपस्थित थे। परेड ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अनुशासन, समर्पण, शानदार वेशभूषा और पेशेवर मानकों को प्रदर्शित किया। उनकी प्रभावशाली मार्चिंग, समन्वित गतिविधियाँ और औपचारिक अभ्यास प्रशिक्षण अवधि के दौरान विकसित की गई कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास को दर्शाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नव उत्तीर्ण सीमा प्रहरियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने उन्हें 44 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने और सीमा सुरक्षा बल के गौरवशाली समुदाय में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने उनसे राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करते हुए साहस, समर्पण, व्यावसायिकता और अनुशासन, सत्यनिष्ठा और पेशेवर दक्षता के अटूट मानकों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आग्रह किया।समारोह के बाद प्रशिक्षुओं द्वारा जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसमें राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, एकता और विविधता को प्रदर्शित किया गया।समारोह का समापन शानदार ढंग से हुआ, जो प्रशिक्षण की सफल समाप्ति और रंगरूटों के लिए राष्ट्रीय सेवा की गौरवपूर्ण यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था।

जेजों-माहिलपुर और नंगल-गढ़शंकर मार्ग पर माइनिंग सामग्री ले जाने वाले टिपरों/ट्रकों की याता यात शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

जिला मजिस्ट्रेट आशिका जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले के जेजों से माहिलपुर रोड तथा नंगल से गढ़शंकर रोड पर माइनिंग सामग्री ले जाने वाले टिपरों/ट्रकों को केवल शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक आवाजाही की अनुमति देने के आदेश जारी किए हैं। इन निर्धारित समय के अलावा उक्त सड़कों पर माइनिंग सामग्री ले जाने वाले टिपरों/ट्रकों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

जारी आदेशों के अनुसार, जिला प्रशासन के ध्यान में आया है कि होशियारपुर जिले में पड़ने वाले माहिलपुर रोड तथा नंगल से गढ़शंकर रोड पर माइनिंग सामग्री ले जाने वाले टिपरों/ट्रकों के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनसे जान-माल का नुकसान होता है। इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए इन सड़कों पर माइनिंग सामग्री ले जाने वाले टिपरों/ट्रकों की आवाजाही को समयबद्ध तरीके से संचालित करना आवश्यक है। डिप्टी कमिश्नर द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, उप पुलिस अधीक्षक, गढ़शंकर यह सुनिश्चित करेंगे कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा टिपरों/ट्रकों की तेज गति की जांच की जाए। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, होशियारपुर इन आदेशों के तहत ओवरलोडिंग तथा अन्य नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। कार्यकारी अभियंता, ड्रेनेज-कम-जिला माइनिंग अधिकारी, होशियारपुर अंतरराज्यीय चेक पोस्टों पर 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही चेक पोस्टों पर स्थापित भार-तौल कांटों का उपयोग करते हुए ओवरलोडेड टिपरों की जांच की जाएगी और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।